हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते ले जाकर महाराष्ट्र में खपाने की थी योजना

क्रेट के पीछे छिपाया मिला 2 करोड़ 80 लाख का गांजा, 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नशीले पदार्थों के खिलाफ धरपकड़ की कड़ी में एक बार फिर जिला पुलिस ने तकरीबन पौने 3 करोड़ का गांजा पकड़ा है। ओडिशा से यह गांजा छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। एनटीएफ और जिले की सिंघोड़ा थाना टीम ने रेहटीखोल नाके में चेकिंग के दौरान एक वाहन से 5 क्विंटल से अधिक गांजा जब्त किया और इस मामले में दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा की जा रही लगातार चेकिंग की कार्रवाई के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक आयशर माजदा प्रो 3015 क्रमांक एमएच 18 बीजी 7546 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहा है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच-53 रोड ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद उक्त वाहन के आने पर उसे रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे। वाहन चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अजय रविंद्र पवार (उम्र 30 साल) सोनबरक्षी थाना एंराडोल जिला जलगांव (महाराष्ट्र) तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम स्वराज महाजन (25 साल) कसोदा आडगांव थाना कासोदा जिला जलगांव (महाराष्ट्र) का निवासी होना बताया। पूछताछ करने पर वे गोलमोल जबाव देने लगे, कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त माजदा वाहन की ट्रॉली में कैरेट के नीचे बोरियों में गांजा होना बताया, जिसे वे जिला बरमपुर (ओडिशा) से लोड कर जिला जलगांव (महाराष्ट्र) ले जा रहे थे। वाहन की तलाशी लेने पर कैरेट के नीचे 16 बोरियों में कुल 560 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 करोड़ 80 लाख रुपए, घटना में प्रयुक्त आयशर माजदा वाहन कीमत 15,00,000 रुपए, 02 नग मोबाइल की कीमत 8000 रुपए कुल 2 करोड़ 95 लाख 8 हजार रुपए का माल जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी)(II)(सी) एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

खेत में लगे बोर से केबल वायर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खेत में लगे बोर से केबल वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। सीतापुर के प्रीतेश प्रधान ने पुलिस को बताया कि 7 अक्टूबर की रात करीबन 8 बजे अज्ञात चोरों ने उसके खेत में लगे बोर से करीबन 60 मीटर केबल वायर की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बेलसोंडा पंचायत में 17.60 लाख के गबन का आरोप, पूर्व सरपंच ने सौंपे 313 पेज के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



बेलसोंडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने वर्तमान सरपंच प्रीति ढीमर एवं पंचायत सचिव नेहा उपाध्याय पर पंचायत निधि में गड़बड़ी और लगभग 17.60 लाख रुपये के कथित गबन का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित अधिकारी पंचायत महासमुंद को विस्तृत शिकायत सौंपी है। जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलसोंडा में कथित वित्तीय अनियमितता के इस मामले की शिकायत ⏭शेष पेज 10 पर

सरपंच-सचिव के निलंबन और पंचायत अभिलेख सुरक्षित करने की मांग

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पंचायत सचिव ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष कार्रवाई पंजी न्यायालय में जमा होने की जानकारी दी थी, जबकि 4 जुलाई 2026 को दिए गए एक लिखित बयान में उक्त दस्तावेज अपने कब्जे में होने की बात कही गई थी। पूर्व सरपंच ने इसे अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास बताया है।





खबर संक्षेप

एक लाख का गांजा जब्त दो युवक गिरफ्तार

महासमुंद। मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा जारी अभियान में खल्लारी पुलिस ने एनएच 353 जोरातराई मोड़ के पास ग्राम आंवराडबरी में बाइक सवारों से एक लाख रुपए का गांजा बरामद किया।
पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 क्यूएक्स 5580 में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर खरियार रोड की ओर से खल्लारी की ओर परिवहन करते आने वाले हैं। कुछ समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार बागबाहरा खरियार रोड की ओर से एक मोटर सायकल आती दिखी। जिसे रोककर बाइक सवारों से पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने अपने नाम मो. इसराइल पिता मो. सदरे आलम (22 वर्ष) निवासी वार्ड नं 12 बाथअसली थाना नानपुर जिला सीतामणी (बिहार) हाल निवास- ओम स्पंज प्लांट गेट के सामने सिलतरा थाना सिलतरा जिला रायपुर(छ.ग.) एवं पीछे सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रेमचंद्र पासी पिता लालचंद्र पासी (19 वर्ष) निवासी ग्राम साहिनाओन थाना दावत जिला रोहतास (बिहार) हाल निवास ओम स्पंज प्लांट गेट के सामने सिलतरा थाना सिलतरा जिला रायपुर(छ.ग.) होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 02 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 1,00,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

युवती के साथ मारपीट

महासमुंद। युवती के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी महिला के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बेलगहना (बिलासपुर) की मधुलिका साहू ने बताया कि 7 अक्टूबर को गोपीकिशन साहू के विरूद्ध उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने के लिए 8 अक्टूबर को उसे थाना महासमुंद बुलाया गया था। दोपहर करीबन 03.25 बजे थाने के हाल में गोपीकिशन की भाभी राधा साहू ने आकर मेरे देवर खिलाफ रिपोर्ट लिखाई कहकर गाली गलौज करते हुए बाल पकड़कर खींचते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

शराब बिक्री, एक पर कार्रवाई

महासमुंद। शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक आरोपी को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम पिपरौद चौक कदम पेड़ के नीचे पहुंचकर आरोपी साधुराम बाडा उर्फ छोटू बाडा पिता स्व नानकुन बाडा (42 साल) उतेकेल कोडापारा थाना सांकरा के कब्जे से कुल 07 लीटर महुआ शराब कीमत करीबन 1400 रुपए को बरामद किया।

सरपंच और समर्थकों ने कहा: कमीशन की मांग कर रहा उपसरपंच नहीं दिया तो लाया अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्राम पंचायत सिंघनपुर में विकास कार्यों के नही कराए जाने और उपसरंपच और पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के मामले में सरपंच एवं समर्थकों ने उपसरपंच पर विकास कार्यों के एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांगने और कमीशन नहीं देने पर पद से हटवाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सरपंच ने संबंधित सक्षम अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पंचायत क्षेत्र के आश्रित ग्राम बरमांठा एवं खम्हारमुड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इनमें सीसी रोड निर्माण, सीसी नाली निर्माण, मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पानी टैंकर, ट्यूबवेल तथा रंगमंच एवं चबूतरा निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।

लाखों रुपये के विकास कार्य कराने का दावा

प्रेस वार्ता के दौरान सरपंच ने पंचायत में पूर्ण कराए गए विकास कार्यों का विवरण देते हुए बताया है कि सीसी रोड निर्माण पर पांच लाख रुपये, सीसी नाली निर्माण पर पांच लाख 20 हजार रुपये, सीसी रोड के एक अन्य कार्य पर दो लाख रुपये, मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण पर 4.79 लाख रुपये तथा स्ट्रीट लाइट पर 11 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इसके अलावा पानी टैंकर, ट्यूबवेल, रंगमंच और चबूतरा निर्माण सहित अन्य कार्यों का ब्यौरा दिया। वहीं, निर्माणाधीन कार्यों में नाली निर्माण के लिए पांच लाख रुपये, सीसी रोड के लिए 7.80 लाख रुपये तथा मुक्तिधाम निर्माण के लिए छह लाख रुपये की राशि का उल्लेख है। प्रस्तावित कार्यों में महतारी सदन और सीसी रोड निर्माण सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। जीरामजी योजना के अंतर्गत 30 लाख रुपये के निर्माण कार्य प्रस्तावित होने की भी जानकारी दी गई है। सरपंच के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में 139 तथा वर्ष 2026 में 79 मकान स्वीकृत हुए हैं। कुल 218 मकानों की स्वीकृति को ग्रामीण परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

10 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप

सरपंच झलाबाई राय ने आरोप लगाया है कि पंचायत की बैठक के दौरान उपसरपंच ने विकास कार्यों के लिए शासन से प्राप्त होने वाली राशि में से 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। उनके अनुसार, इस मामले को ग्रामसभा की बैठक में ग्रामीणों के समक्ष रखा गया। सरपंच का दावा है कि उपसरपंच ने ग्रामीणों के सामने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी और भविष्य में विकास कार्यों में सहयोग करने की बात कही गई थी। सरपंच ने आगे आरोप लगाया कि 15वें वित्त आयोग की राशि पंचायत को प्राप्त होने के बाद दोबारा 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई। कमीशन नहीं देने पर उन्हें सरपंच पद से हटवाने की कार्रवाई कराने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

सरपंच झलाबाई राय ने संबंधित सक्षम अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित कमीशन मांगने, धमकी देने के आरोपों की पड़ताल करने तथा जांच के आधार पर उचित वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

मिनी स्टेडियम परिसर में होगा गरबा नाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



गरबा नाइट आयोजन समिति द्वारा गरबा नाइट 20 स्थानीय मिनी स्टेडियम परिसर में आयोजन किया जा रहा है।

पूर्व वर्ष में कुछ कारणों से आयोजित नहीं हो पाने की जानकारी देते हुए पूर्व नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताय कि बीते साल माता की चुनरी यात्रा निकालकर पूर्व की परंपरा को बरकरार रखा गया। वर्तमान में प्रशासन द्वारा मिनी स्टेडियम में यह कार्यक्रम संपन्न कराने की अनुमति शासकीय नियमानुसार अनुमति दी है, जिसका अक्षरशः पालन समिति के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जो देश में निर्मित वातावरण को मां की आराधना गरबा के माध्यम से कर प्रेम सद्भाव का माहौल निर्मित करना है। उन्होनें प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस आयोजन में कोई भी धर्म, समाज, जाति, वर्ग का व्यक्ति माँ की आराधना गरबा के माध्यम से कर सकता है। जिसका समय शाम 06 से 10 बजे तक होगा और निःशुल्क प्रवेश के साथ भक्तिमय वातावरण में यह कार्यक्रम पूर्व की तरह आयोजित होने जा रहा है।

महुआ शराब की अवैध बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। महुआ शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम छिर्राबाहरा रोड इमली पेड़ के नीचे आरोपी धरमू साहू पिता नकुल साहू (48 साल) छिर्राबाहरा के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 4000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

खुड़खुड़िया जुआ का संचालन कर रहे तीन लोग गिरफ्तार

महासमुंद। ग्राम अंसुला में नदी किनारे खुड़खुड़िया जुआ संचालित कर रहे तीन लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम अंसुला नदी के किनारे खुडखुडिया नाम का जुआ संचालित कर रहे हैं। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो जुआ खेल रहे लोग भाग निकले। वहीं खुड़खुड़िया संचालित करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम चिंतामणी साहू पिता धुबई साहू (35 साल) गबौद थाना सांकरा, खेमराज डडसेना पिता स्व रूपधर डडसेना (26 साल) बल्दीडीह थाना सांकरा, और मयंक साहू पिता स्व मेधो साहू (38 साल) अंसुला थाना सांकरा जिला महासमुंद होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक नग परदा, 06 नग गोटा, एक नग बांस की बनी टोकरी, एक नग चटाई, नगदी रकम 5100 रुपए, दो नग एंड्रायड मोबाइल व घटनास्थल से 06 नग मोटर सायकलों को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 6(क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

सहायक मत्स्य अधिकारी के साथ गाली गलौज, मारपीट

महासमुंद। सहायक मत्स्य अधिकारी के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कार्यालय सहायक संचालक मछलीपालन में पदस्थ त्रिलोचन कुमार पिता गीताराम मिरचे (37 साल) 07 अक्टूबर को गोपाल कुमार ध्रुव और मजदूरों के साथ वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएन 5242 से वाहन चालक तेज प्रताप यादव पिता तोषण के साथ मछली बीज लाने धरमपुर गए और वहां से मछली बीज छोड़े। इसके बाद शाम को करीब 07.30 बजे मजदूरों को एवं जाल छोड़ने के लिए अमावस के लिए निकले। इसी दौरान भगवानदास के दुकान के पास अमावस के मजदूरों को पिकअप से छोड़ रहे थे, इतने में अमावस के रवि जांगडे, योगेंद्र गेंड्रे उर्फ यमराज दोनों उनकी गाड़ी के पास आए और गाड़ी यहां क्यों खडे किए हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 121, 132, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

बड़ी मात्रा में शराब बरामद अवैध बिक्री कर रहा एक आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। जिले की पुलिस ने ग्राम पुजारीपाली के सतीदरहा नाला के पास छापा मारकर एक आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में महुआ शराब बरामद किया है। मामले में बलौदा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 08 अक्टूबर की मध्य रात्रि बलौदा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम पुजारीपाली में सतीदरहा नाला के पास भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु रखे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पहुंची। जहां एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जबकि दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम लक्ष्मण बरिहा पिता शंकरलाल बरिहा (32 वर्ष) पुजारीपाली थाना बलौदा होना बताया। वहीं फरार व्यक्ति के बारे में पूछने पर उसका नाम माधव बरिहा पिता गोकुल बरिहा पुजारीपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कुल 270 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 54,000 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

9वीं एशिया कप अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में महासमुंद के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

महासमुंद। 9वीं एशिया कप अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में जिले के कराते खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वर्ल्ड कराते फेडरेशन के मानक मापदंडों के अनुरूप आयोजित इस भव्य प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के उत्कृष्ट कराते खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मास्टर नीलकंठ साहू, ईशान साहू, निकुंज कुमार साहू एवं तुषार डडसेना ने विभिन्न वजन वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जापान, मलेशिया, थाईलैंड, भूटान एवं बांग्लादेश के खिलाड़ियों को पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किए। वहीं श्रेयांस ध्रुव एवं विवेक ध्रुव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। महिला वर्ग में रीता खुशी साहू, फमेश्वरी सिन्हा, राशि साहू, मानसी साहू, सिद्धी भोई एवं योगलता सोनवानी ने भी बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए मलेशिया, बांग्लादेश एवं इंडोनेशिया के खिलाड़ियों को हराकर भारत का तिरंगा फहराया। वही मास्टर नीलकंठ साहू एवं रीता खुशी साहू को मलेशिया के मास्टर द्वारा बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं भारतीय टीम से शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट टीम अवार्ड से भी नवाजा गया है। साथ ही इन खिलाड़ियों का चयन मलेशिया में आयोजित होने वाली आगामी इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल जीतकर वापस लौटे खिलाड़ियों का रायपुर में स्वागत हुआ। खेल मंत्री विभाग मंत्री ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर हर्ष जताया। जिला मुख्यालय आगमन पर नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों ने भी खिलाड़ियों का स्वागत किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, एसपी, विधायक एवं शिक्षा मंत्री ने खिलाड़ियों और कराते प्रशिक्षकों मास्टर नीलकंठ साहू, मास्टर शेखर साहू एवं रीता खुशी साहू की शानदार सफलता पर हर्ष जताया।

जलकर वसूली पर फोकस कर रहे कर्मचारी, 56 लाख से ज्यादा राशि बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



नगर पालिका परिषद अपनी आय के नए स्रोत बढ़ाने के साथ ही पुराना बकाया वसूली पर भी ध्यान दे रही है। नपा कर्मचारी इन दिनों जलकर वसूली पर फोकस कर रहे हैं, जिसको लेकर बकायदा गली मोहल्लों से लेकर कॉलोनियों में टीम भ्रमण कर रही है। साथ ही लोगों को उनका बकाया समय पर जमा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वहीं सूचना देने के बावजूद बकाया जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही भी शुरु कर दी गई है। जिसमें उपभोक्ता का नल कनेक्शन ही काटा जा रहा तथा पेनल्टी सहित बकाया राशि भी जमा करवाई जा रही है। दरअसल, बागबाहरा शहर 25 हजार आबादी वाला शहर है। यहां प्रतिदिन 20-30 लाख लीटर पानी की खपत होती है। जिसको लेकर शहर में नगर पालिका द्वारा 2367 से अधिक घरेलू नल कनेक्शन दे रखे हैं। इसमें कई लोग ऐसे है जो पानी तो ले रहे लेकिन सालों से जलकर की राशि नपा में जमा नहीं कर रहे हैं। हर साल बकाया राशि बढ़ती ही जा रही हैं, आज यह राशि लाखों तक पहुंच चुकी है। इतनी बड़ी रकम बकाया होने के बाद अब वृहद स्तर पर वसूली शुरू की गई है। अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक 8 से हुई। इस वार्डों में 90 कनेक्शन है, 4 लाख रुपए से अधिक जलकर की राशि बकाया है। वहीं 40 कनेक्शन ऐसे हैं जिनसे 10 हजार से अधिक रुपए बकाया है। कर्मचारियों ने बकायदारों से मौके पर ही राशि जमा करने को कहा। राशि जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई।

56 लाख रुपए से ज्यादा जलकर बकाया

सीएमओ गिरीश चंद्रा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में 56 लाख रुपए से ज्यादा जलकर बकाया है। कुछ लोगों पर 20 हजार से 40 हजार रुपए तक की राशि बकाया है। नगर पालिका संपत्ति कर, जलकर और वसूली का अभियान भी चला रही है। अधिकारी-कर्मचारियों ने बताया कि टैक्स वसूली प्रभावित होने से नगर पालिका की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है।

बिजली बिल, पेयजल व्यवस्था और सफाई वाहनों के डीजल भुगतान में भी दिक्कत आ रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा ने शहरवासियों से नगर पालिका का बकाया टैक्स समय पर जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के लिए टैक्स वसूली जरूरी है। यदि नगर पालिका टैक्स नहीं वसूल पाएगी तो विकास कार्यों और जरूरी व्यवस्थाओं के संचालन में दिक्कत आएगी। उन्होंने बकायादारों से अपना टैक्स जमा करने और नगर पालिका को बेहतर तरीके से काम करने में सहयोग करने की अपील की।

पेज 9 के शेष

बेलसोंडा पंचायत में 17.60 लाख के ....

में पूर्व सरपंच ने दावा किया गया है कि पंचायत को प्राप्त 15वें वित्त आयोग, मूलभूत मद तथा कर मद की लगभग 45 लाख रुपये की राशि में से 17.60 लाख रुपये का आहरण बिना बिल-वाउचर और बिना कार्य निष्पादन के किया गया।आरोप है कि राशि का भुगतान स्वयं सरपंच, उनके पति, पुत्र, पंचायत प्रतिनिधियों, रिश्तेदारों तथा अन्य व्यक्तियों के नाम पर किया गया। पूर्व सरपंच चंद्राकर ने 313 पृष्ठों के दस्तावेज और कथित साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए सरपंच एवं सचिव को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में आशंका जताई है कि पंचायत अभिलेखों में छेड़छाड़ की जा सकती है। इसे देखते हुए पंचायत कार्यालय को सील कर दस्तावेजों को सुरक्षित रखने की भी मांग की है।
यह रहे इस दौरान मौजूद : शिकायत सौंपने के दौरान लक्ष्मीकांत चंद्राकर, तेजेश्वर चंद्राकर, लीलाधर धीवर, शत्रुघ्न साहू, अजय चंद्राकर, देवचंद साहू, बलराम चंद्राकर, हीरालाल साहू एवं गजानंद चंद्राकर भी उपस्थित रहे। पूर्व सरपंच ने कहा है कि यदि नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई तो मामले में उच्च न्यायालय की शरण ली जाएगी। शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टर महासमुंद, जिला एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, रायपुर संभाग आयुक्त, पंचायत संचालनालय रायपुर, जिले के प्रभारी मंत्री तथा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को भी भेजी गई है।

5 यात्री बसों में पाई गई कमियों पर 15 हजार 300 रुपए का शमन शुल्क वसूल



महासमुंद। परिवहन आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला एवं परिवहन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आज यात्री बसों की रायपुर रोड महासमुंद में जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जांच के दौरान यात्री बसों में ड्राइवर का लाइसेंस, फिटनेस, प्रदूषण, बीमा, परमिट एवं अन्य सुरक्षा की दृष्टिकोण से आवश्यक मापदंडों की जांच की गई। जांच में 05 यात्री बसों में पाई गई कमियों पर मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए 15 हजार 300 रुपए का शमन शुल्क वसूल की गई।

बेलसोंडा में बंदर का आतंक, अब तक 9 लोगों पर किया हमला

हुलसी ने उठाई आवाज, कलेक्टर से चर्चा के बाद भी 6 दिन से कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बेलसोंडा के स्टेशन पारा में पिछले छह दिनों से एक आक्रामक नर बंदर लगातार लोगों पर हमला कर रहा है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला वन विभाग के अधिकारियों से इस गंभीर मामले को लेकर चर्चा कर तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया, लेकिन आज छठवां दिन बीत जाने के बावजूद बंदर को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।



हुलसी चंद्राकर ने कहा कि लगातार लोगों पर हमले हो रहे हैं और ग्रामीणों में भय का वातावरण है। अब तक महादेव ध्रुव, प्रभात धीवर, नंदलाल निषाद सहित कई लोगों पर बंदर द्वारा हमला किए जाने की जानकारी सामने आई है। रात में इलाज के लिए आए लोगों पर भी हमला किया गया। सामान पहुंचाने आए दो लोगों पर भी बंदर ने हमला किया। आज जामवंत राव पर बंदर ने वाहन के ऊपर चढ़कर हमला किया, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सुनील यादव के घर के पास काम करने वाले एक श्रमिक पर भी बंदर ने हमला किया। स्थिति की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि स्टेशन पारा में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। बंदर के आतंक के कारण पालक अपने छोटे बच्चों को स्कूल और आंगनबाड़ी भेजने से डर रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र पिछले चार दिनों से बंद रखने की स्थिति बनी हुई है। हुलसी चंद्राकर ने कहा कि केवल बंदर को भगाना समस्या का समाधान नहीं है, उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर उचित स्थान पर ले जाना जरूरी है। लगातार हो रहे हमलों के बीच किसी बड़ी अप्रिय घटना से पहले प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन एवं वन विभाग से मांग की है कि तत्काल रेस्क्यू टीम भेजकर आक्रामक बंदर को सुरक्षित रूप से पकड़वाया जाए और ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले से 10 हजार 885 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महासमुंद जिले के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिले की लगभग 315 शैक्षणिक संस्थाओं से 10,885 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। जिले के विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा का आयोजन 3 अक्टूबर को संबंधित विद्यालयों एवं संस्थाओं में किया गया।

परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी विकासखंड संयोजकों, स्थानीय गायत्री परिजनों, संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनके समन्वय एवं सहयोग से विद्यार्थियों तक परीक्षा की जानकारी पहुंचाने से लेकर परीक्षा के सुचारू संचालन तक की व्यवस्थाएं की गईं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त हुए थे। परीक्षा में विद्यार्थियों को बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए, जिनके सही उत्तर का चयन कर ओएमआर शीट में निर्धारित गोले को भरना था। इस प्रकार परीक्षा पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रक्रिया एवं ओएमआर शीट भरने का व्यावहारिक पूर्वाभ्यास भी प्राप्त हुआ।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, सदाचार, कर्तव्यबोध एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना है। वर्तमान समय में जब बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना आवश्यक है, ऐसे में यह परीक्षा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में एक जिम्मेदार, संस्कारवान एवं आदर्श नागरिक बनने की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। परीक्षा के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने स्वेच्छा एवं उत्साह के साथ परीक्षा में सहभागिता की। संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल कराने तथा उन्हें भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने में सराहनीय योगदान दिया। जिला संयोजक आशीष साहू एवं भारत साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर जिले के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संस्थाओं में जिस प्रकार का उत्साह दिखाई दिया, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने परीक्षा में सहभागी सभी विद्यार्थियों, संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं गायत्री परिजनों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार बढ़-चढ़कर सहयोग एवं सहभागिता की अपील की। यह जानकारी भारत साहू ने दी है।

खबर संक्षेप



सीएचसी सरायपाली को शासकीय वाहन उपलब्ध

महासमुंद। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं मैदानी गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सरायपाली को शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 2592 उपलब्ध कराया गया है। विभागीय समीक्षा के दौरान संस्थान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। वाहन उपलब्ध होने से अधिकारियों को दूरस्थ क्षेत्रों में भ्रमण, स्वास्थ्य संस्थानों के निरीक्षण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी तथा मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करने में सुविधा होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा ने कहा, स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए। सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को वाहन उपलब्ध कराने से अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण में सुविधा मिलेगी।

निर्माण : ग्राम पंचायतें ही होंगी कार्य एजेंसी

सांसद की अनुशंसा पर जिलों में बनेंगे पांच महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के निरंतर प्रयासों और विशेष अनुशंसा पर महासमुंद संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में महिला सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महासमुंद, गरियाबंद व धमतरी जिलों के 4 विकासखंडों में 5 नवीन महतारी सदन के निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासकीय अनुशंसा जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (पंचायत संचालनालय) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के महतारी सदन योजनान्तर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। महासमुंद जिले के पिथौरा की ग्राम पंचायत कौहाकुड़ा तथा बसना की ग्राम पंचायत सागरपाली में 30-30 लाख (कुल 60 लाख) रुपए की लागत से इन सदनों का निर्माण कराया जाएगा। गरियाबंद जिले के दूरस्थ देवभोग विकासखंड की ग्राम पंचायत झाखरपारा में महतारी सदन निर्माण कार्य की वित्तीय एवं योजनागत अनुशंसा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। इसके लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार धमतरी जिले के धमतरी विकाखंड की ग्राम पंचायतों रुद्री व सांकरा में महतारी सदन के निर्माण के लिए 30-30 लाख (कुल 60 लाख) रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। महतारी सदन निर्माण कार्य के लिए सम्बन्धित ग्राम पंचायतें ही कार्य एजेंसी बनाई गई हैं। निर्माण कार्य निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार कराया जाएगा तथा तकनीकी अधिकारियों को मार्गदर्शन, अनुश्रवण और मूल्यांकन की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन और सामाजिक विकास का बनेगा केंद्र : सांसद

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चौधरी ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व संगठनात्मक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से स्व-सहायता समूहों की दीदियों को अपनी नियमित बैठकों, प्रशिक्षण एवं आजीविका गतिविधियों के संचालन के लिए एक स्थायी व सुरक्षित परिसर उपलब्ध होगा। ग्राम स्तर पर महिलाओं से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, जागरुकता अभियानों और सामाजिक सरोकारों के लिए सुव्यवस्थित मंच मिलेगा। महतारी वंदन योजना के साथ-साथ महतारी सदनों की स्थापना से ग्रामीण महिलाओं का मान-सम्मान और स्वावलंबन और अधिक सशक्त होगा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और छत्तीसगढ़ सरकार के महिला उत्थान के संकल्पों के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और महिला नेतृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन महतारी सदनों के जरिए मातृशक्ति को अपने कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस संबल प्राप्त होगा।

महासमुंद के बसना व पिथौरा विकासखंड, गरियाबंद के देवभोग विकासखंड और धमतरी विकासखंड में 30-30 लाख रुपए की लागत से बनेंगे महतारी सदन
सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा : महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा, ग्रामीण महिलाओं की गतिविधियों एवं बैठकों के लिए तैयार होगा सर्वसुविधायुक्त मंच

प्रदेश सरकार व सांसद रूपकुमारी का माना आभार

महासमुंद संसदीय क्षेत्र के 3 जिलों के 4 विकासखंडों की 5 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन के रूप में इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए महासमुंद संसदीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पंचायत पदाधिकारियों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं ग्रामीणों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुनगासेर पीएचसी के आरएमए के कथित दुर्व्यवहार की शिकायत कलेक्टर से

स्थानांतरण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/नर्रा



जिले के बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुनगासेर में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ. संकेत चंद्राकर के व्यवहार और कार्यशैली से परेशान होकर क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए डॉक्टर पर लगातार दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उनके तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। सौंपे गए शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त चिकित्सा अधिकारी के पदस्थ होने से पूर्व इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रति माह लगभग 35 से 40 प्रसव (डिलीवरी) सफलतापूर्वक होते रहे हैं। दुर्घटना या अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर आसपास के ग्रामीण इसी स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर थे।

स्कूली बच्चों और परिजनों से अभद्र व्यवहार का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक द्वारा मरीजों, उनके परिजनों और आम नागरिकों से आए दिन अकड़कर, ऊंचे स्वर में बात की जाती है और अभद्र व्यवहार किया जाता है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित स्कूल के बच्चों के साथ भी उनके अमानवीय व्यवहार को लेकर स्थानीय लोगों ने गहरी आपत्ति जताई है।

स्वास्थ्य व्यवस्था से उठ रहा विश्वास, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर के इस असंसदीय व्यवहार के कारण शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति आम जनता का विश्वास प्रभावित हो रहा है। उपसरपंच, पंच एवं ग्राम पंचायत मुनगासेर के समस्त क्षेत्रवासियों के हस्ताक्षरित इस ज्ञापन के माध्यम से जनहित में संज्ञान लेते हुए डॉ. संकेत चंद्राकर के स्थानांतरण के लिए आवश्यक कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

मांग करने वालों में यह रहे शामिल

ग्रामीणों में प्रकाश पटेल, गैंदराम, रामदयाल, टीकम, लालजी, जितेन्द्र, धीरज, देवलाल, जयराम, घांसीराम, चेतन, तुलसी, घनश्याम, देवकी, दुलेश्वरी, मिथलेश, दिव्या, कल्याणी, कुमारी, हेमा, खुशबू, पुरन, दिनेश समेत क्षेत्रवासियों ने उक्त चिकित्सक को स्थानांतरित करने की मांग की है।

मातृ वंदना योजना का मिला लाभ

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पण की यात्रा रही है। इसी भावना के अनुरूप केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व, आर्थिक सशक्तीकरण और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में विशेष भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर महासमुंद के इमलीभाठा निवासी गायत्री देवांगन अपने परिवार को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से गर्भावस्था के दौरान आर्थिक सहायता, महतारी वंदन योजना से नियमित आर्थिक संबल और बालिका हितैषी योजनाओं से बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का उनका प्रयास महिला सशक्तीकरण की एक प्रेरक कहानी है। गायत्री देवांगन एक साधारण गृहिणी हैं, लेकिन अपने परिवार के स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों के भविष्य को लेकर सजग हैं। उन्होंने शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाया और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में इन योजनाओं का सदुपयोग किया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पहली बार मां बनने पर उन्हें 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दो किस्तों में प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने गर्भावस्था के दौरान पोषण, स्वास्थ्य जांच और आवश्यक देखभाल पर खर्च किया। इससे उन्हें सुरक्षित मातृत्व की दिशा में आर्थिक सहयोग मिला। इसी तरह छग शासन की मातृत्व सहायता योजना के अंतर्गत दूसरी बार गर्भधारण पर गायत्री को 6,000 रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई।

सिरको में योग और प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का संदेश, सुबह जुट रहे बच्चे, युवा और बुजुर्ग

सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक नियमित योगाभ्यास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति बढ़ रही जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश लेकर ग्राम सिरको में प्रतिदिन सुबह योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। सुबह 5:30 बजे से 6:30 बजे तक चलने वाले इस नियमित अभ्यास में बच्चे, युवा और बुजुर्ग उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। सुंदर प्रधान, अतुल गोयल और अरुण साहू के नेतृत्व में संचालित इस पहल का उद्देश्य लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ मानसिक मजबूती और आध्यात्मिक चेतना के प्रति जागरूक करना है।

सुबह की ताजी हवा के बीच ग्रामीणों का योगाभ्यास करना स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक सकारात्मक पहल बन रहा है। अभ्यास के दौरान योग और प्राणायाम के माध्यम से शरीर को सक्रिय रखने, मन को शांत करने तथा दिनचर्या में अनुशासन अपनाने पर जोर दिया जाता है। इसमें बच्चों को कम उम्र से ही स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और नियमित व्यायाम की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

बच्चों में अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने की पहल

आज की व्यस्त जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी और बढ़ते मानसिक दबाव के बीच योग एवं प्राणायाम का महत्व और भी बढ़ गया है। ऐसे में सिरको में नियमित योगाभ्यास की यह पहल बच्चों और युवाओं को स्वस्थ आदतों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं, बुजुर्गों की सहभागिता से विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को एक साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिल रहा है। योग केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन की एकाग्रता, आत्मअनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में भी सहायक हो सकता है। नियमित योगाभ्यास से ग्रामीणों में आध्यात्मिक रुचि और सामूहिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिल रहा है।



स्वस्थ गांव की दिशा में सामूहिक प्रयास

सुबह-सुबह योग के लिए एकत्रित हो रहे ग्रामीणों की भागीदारी यह संदेश देती है कि स्वस्थ समाज के निर्माण की शुरुआत स्वयं से होती है। सुंदर प्रधान, अतुल गोयल और अरुण साहू के नेतृत्व में चल रही यह गतिविधि ग्रामीणों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित कर रही है। ग्राम सिरको में नियमित योगाभ्यास की यह पहल स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी को स्वस्थ जीवन के महत्व से परिचित कराने का माध्यम बन रही है।

सेवा संकल्प अभियान से आम लोगों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ : देवेंद्र



महासमुंद। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ चलाया जा रहा सेवा संकल्प अभियान आम जनता के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक आसान और सुलभ रूप से पहुंचाना है ताकि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। चंद्राकर ने कहा कि अभियान के तहत जिले के सभी मंडलों, ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन योजना, आधार अपडेट, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड और विकसित भारत संकल्प से जुड़ी अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर दिया जा रहा है। लोगों को अब योजनाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं शिविरों में पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल शिविर नहीं बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। शिविरों में किसानों को खाद-बीज, फसल बीमा और कृषि योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। युवाओं को रोजगार और कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। महिलाओं को स्व-सहायता समूह और मुद्रा योजना से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए पेंशन और सहायक उपकरणों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने और यह तभी संभव होगा जब हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और शिविरों तक ला रहे हैं। रंगोली, दीप प्रज्ज्वलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में देशभक्ति और सेवा भावना का संचार भी किया जा रहा है। यह अभियान लोगों को शासन से जोड़ने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बन गया है।

कांग्रेस ने मनाया काला दिवस, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव और पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष एवं पूर्व बसना विधायक देवेंद्र बहादुर के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा द्वारा गुरुवार को 'काला दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक मुख्यालय पिथौरा में एकत्रित हुए और केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित इंडिया ब्लॉक के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे थे। कांग्रेस के अनुसार इस दौरान नेताओं को रोका गया तथा उनके साथ कथित रूप से बलपूर्वक व्यवहार किया गया। इसी के विरोध में कांग्रेस द्वारा देशभर में 8 अक्टूबर को 'काला दिवस' मनाने का आह्वान किया गया था। पिथौरा में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की आवाज को सम्मान मिलना चाहिए तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होना आवश्यक है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य करण सिंह दीवान सहित कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस तथा विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन जताते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में पूनम दास मानिकपुरी, नरेंद्र सेन, बुदेश्वर डडसेना, अकाश महंती, घनश्याम धाढी, राजू सिन्हा, सुदर्शन मुन्ना, देवसिंह दीवान, अरनेश गडिया, दिनेश खालसा, हेमलता निषाद, लता ठाकुर, आरती नायक, घासी राम यादव, राजेश नंद, मयाराम देवदास, राकेश भोई, मयावती, मुन्नीबाई, चमेली बाई, धुरवा बाई, पिली बाई पटेल, देवकुमार पटेल, मालती साहू, भरत लाल, नंदू राजपूत, शैलेंद्र डडसेना, रमेश प्रधान, कौशल रोहिल्ला, मनीष अग्रवाल, गंगाधर बरिहा, जगमोहन ठाकुर, गोपाल ध्रुव, सरवन शर्मा, भूषण बरिहा, खीरराम ठाकुर, पुरुषोत्तम साहू, भुरूदाउ खुटे, पवन नायक, नवीन बरिहा, आनंद राम ठाकुर, मंथिर ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

:: उद्घोषणा ::

एतद् द्वारा साधारण ग्राम-नवागांव के आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद साहू जाति- कोलता साकिन नवागांव प.ह.नं. ..... रा.नि.मं तहसील-पिथौरा जिला-महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा अपने माता हेमकुमारी साहू के दिनांक 14/11/2024 को जन्म/मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर/ दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/ दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर/ दावा/आपत्ति/ पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07.10.2026 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी

मुहर

तहसीलदार
पिथौरा

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 980/RTO/26 दिनांक 05/10/2026

श्री सुभम बाघ (रजिस्टर्ड)। है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ए.यू. स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने। उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 बी.एल. 5471 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और :

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है। 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन को स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

भारतीय वायुसेना दिवस पर अमर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि





महासमुंद। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारतीय वायुसेना दिवस पर अमर वीर शहीदों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सैनिकों संगठन, गांव खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर, सरला सोनी ने कहा कि भारत देश के लिए वीर शहीदों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को याद करते हुए उनके साहस का सलाम किया गया और भारतीय वायुसेना ने युद्ध के मैदान में शौर्य और पराक्रम का परिचय देने के साथ शांति के समय प्राकृतिक आपदाओं, राहत, बचाव अभियानों तथा मानवीय सहायता के कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमर बलिदानियों सहित देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र की आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। इस अवसर पर शहीदों के परिवारों के प्रति भी सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गईं हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना दिवस मनाया गया जाता है।



खबर संक्षेप



वार्ड 25 के गौरा चौरा का हुआ सौंदर्यीकरण

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 25 में धार्मिक स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किया गया है। विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद भाऊ राम साहू ने अपनी पार्षद निधि से महाकाल मंदिर के बाजू स्थित गौरा चौरा में टाइल्स एवं स्टील ग्रिल लगवाकर सौंदर्यीकरण कराया है। इस कार्य पर पार्षद निधि के कुल 70 हजार रुपए खर्च किए गए हैं। साहू ने कहा कि वार्ड के विकास और धार्मिक आस्था के केंद्रों को संरक्षित करना उनकी प्राथमिकता है। गौरा चौरा में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े आयोजन होते हैं और यहां टाइल्स एवं ग्रिल नहीं होने से असुविधा होती थी। सौंदर्यीकरण के बाद अब स्थल अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बन गया है। इससे पूजा पाठ और धार्मिक आयोजनों में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 25 में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। नागरिकों की मांग के अनुसार सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। भविष्य में भी वार्ड के विकास और धार्मिक आयोजनों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। क्षेत्र के लोगों ने इस कार्य के लिए पार्षद भाऊ राम साहू का आभार व्यक्त किया है।

तीन दिवसीय गणित मेले का आयोजन आज से



महासमुंद। स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबरतक तीन दिवसीय प्रांतीय गणित मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में गणित विषय से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं होगी, जिसमें गणित मॉडल, गणित प्रयोग, गणित पत्र वाचन, वैदिक गणित प्रश्न मंच जैसे अनेक कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस मेले में छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न विभागों से लगभग 250 प्रतिभागी मेले में हिस्सा लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने नगर के समस्त नगर वासियों को मेले में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। यह जानकारी जिला वैदिक गणित प्रमुख शिव कुमार कन्नौजे ने दी है।

झालखम्हरिया में मेडिकल कैंप आज

महासमुंद। पूर्व सैनिक सेवा संघ जिला महासमुंद के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को ग्राम झालखम्हरिया स्थित स्कूल परिसर में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम में मनोरमा इंडस्ट्रीज, आदित्य हॉस्पिटल महासमुंद एवं एएसजी आई हॉस्पिटल रायपुर का सहयोग प्राप्त हो रहा है। शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा उपलब्ध स्वास्थ्य जाँच एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस पहल से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक होने और समय पर उचित चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व सैनिकों एवं पेंशनधारकों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा स्पर्श पोर्टल से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी, जिससे पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं को समझने में सहायता मिलेगी। संघ ने ग्राम झालखम्हरिया एवं आसपास के ग्रामीणों से शिविर में पहुँचकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं परामर्श का लाभ उठाने की अपील की है।

दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार...



तेंदूकोना। शारदेय नवरात्र पर्व अब महज एक ही दिन शेष है, ऐसे में मूर्तिकार मां जगदम्बे की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में समीप के ग्राम दाबपाली के मूर्तिकार सुरेंद्र चक्रधारी व लीला चक्रधारी मां दुर्गा के प्रतिमा को अंतिम रूप देते हुए।

स्पर्धा : विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डिंपल डॉली ध्रुव मंडल अध्यक्ष बागबाहरा एवं विशिष्ट अतिथि भोजनाथ देवांगन, एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्राचार्य शिवगोपाल रात्रे की अध्यक्षता में प्रतियोगिता हुई।

प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में शासकीय पीजी महाविद्यालय महासमुंद, आत्मानंद महासमुंद, भटगांव, बलौदा बाजार एवं बागबाहरा की टीम ने भाग लिया। महिला वर्ग में शासकीय पीजी महाविद्यालय महासमुंद, माता कर्मा महासमुंद, भटगांव एवं बागबाहरा की टीम ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने आज के परिपेक्ष में खेलों के महत्व और खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। ताकि, उच्च स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सके। शिव गोपाल रात्रे ने कहा कि खेलों में एकाग्र मन और कठिन परिश्रम की आवश्यकता है। तभी सफलता आपके कदम चूमेगी। प्रतियोगिता के दोनों वर्ग में शासकीय पीजी महाविद्यालय महासमुंद विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा उपविजेता रहे। पुरुष वर्ग में सर्वेश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरुष मिथलेश बागबाहरा और अजय महासमुंद एवं महिला वर्ग में लल्ली महासमुंद और अनीता बागबाहरा को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों के कर कमलों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से महासमुंद, बलौदा बाजार सेक्टर टीम का निर्माण किया गया है जो कि 16 से 17 अक्टूबर तक नेताजी कॉलेज अभनपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में इस सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा को सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता आयोजन की जिम्मेदारी दिया गया था। इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मरार पटेल समाज का प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 6 दिसंबर को



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज द्वारा आगामी 06 दिसंबर 2026 को राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में विशाल प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।कार्यक्रम के संबंध में समाज के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्मेलन का औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद नायक, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, प्रदेश महासचिव ललित पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल, खेलसिंह नायक एवं कार्यालय सचिव उत्तम पटेल शामिल रहे। सौजन्य मुलाकात के दौरान सामाजिक पदाधिकारियों ने मरार पटेल समाज के सर्वांगीण विकास, कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक उत्थान से जुड़ी विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उन्हें सहजता से स्वीकार किया तथा समाज को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस परिचय सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज के लोग और विवाह योग्य युवक-युवती भाग लेंगे।

केंद्र सरकार की नीतियों एवं राहुल गांधी व कांग्रेस नेताओं के साथ बर्बरता के विरोध में कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में खल्लारी चौक में काला दिवस मनाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस नेताओं के साथ की जा रही बर्बरता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काली पट्टी/काले वस्त्र धारण कर शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक राम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के उपाध्यक्ष शाहजान पाशा, कोषाध्यक्ष राहुल कुलदीप, सेवादल अध्यक्ष केवल यादव, किसान कांग्रेस जिला महामंत्री रोशन साहू, ब्लॉक सचिव खिलेश्वर सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी योगेंद्र साहू सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा मंडल अध्यक्ष मुकुन्द सिन्हा, हरिराम साहू, जिला महामंत्री विजय बंजारे, पुरुषोत्तम साहू, भारत साहू, तुलाराम देवांगन, जीवन नायक, इंटक ब्लॉक अध्यक्ष पोखराज यादव, पुरुषोत्तम बरिहा, धीरज गुप्ता, भागवत पटेल, लालराम ध्रुव,यादवराम साहू, दिलीप साहू, देवेश शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।

एनएन किंग ने जीता प्रीमियर लीग कलेंडा में हुई ड्यूज क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ग्राम कलेंडा में प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। नौ दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला एनएन किंग और एम जेसीसी के मध्य खेला गया। 20 -20 ओवर के मैच में एमजेसीसी ने 141 रन का लक्ष्य रखा। जिसमें एनएन किंग की टीम 6 विकेट से जीत दर्ज की। समापन समारोह में अतिथि के रुप में डा शैलेश अग्रवाल, डा संजय अग्रवाल, सरपंच देवकी खिरोद सिदार, युवा नेता जय प्रकाश साहू, फुलझर क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष मनोज नंद, सचिव चूड़ामणि साहू, विकास प्रधान, उपसरपंच रामबाई मधुसूदन पटेल, आनंद विश्वकर्मा उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने के लिए प्रवीण प्रधान को मैन आफ द टूर्नामेंट, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विकास बेहरा, सर्वश्रेष्ठ कीपर का ईनाम चाहत पांडे को दिया गया। प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 30 सितंबर को केएल चौहान भूतपूर्व कलेक्टर ने ध्वज फहराकर किया था। विजेता टीमों को 50000 एवं कप तथा विजेता टीमों को 30000 को कब प्रदान किए। अग्रवाल ने ड्यूज बाल क्रिकेट की लोकप्रियता बनाए रखने के लिए आयोजन समिति एवं खिलाड़ियों को बधाई दी। वहीं पीसीएस के उपाध्यक्ष मनोज नंद ने इस सीजन के पहले टूर्नामेंट आयोजित करने पर कलेंडा आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने फुलझर क्रिकेट संघ की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। टीम मालिक के रुप में नुराधन साहू, रमेश चौधरी, धीरेंद्र साहू, मानस सेठ, सुब्रत भाई, नूतनेश प्रधान, घासीराम बंजारा, विनय मोहन (राहुल) ने अपनी अपनी टीम उतारी थी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष मिनकेतन पटेल, खितीपति साहू, बबलू महेश सहित सभी सदस्य, खिलाड़ियों की विशेष भूमिका रही।

छात्रावास में हुआ कार्यक्रम, 70 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महासमुंद स्थित नवीन पोस्ट-मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं डॉ. सीपी चंद्राकर (नोडल अधिकारी, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम) के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का सुचारू संयोजन छात्रावास अधीक्षक नीलेश खांडेय एवं छात्रावास अधीक्षिका चित्ररेखा तारक की देखरेख में किया गया, जिसमें हॉस्टल के कुल 70 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। 10 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की वैश्विक अवधारणा को आत्मसात करते हुए इस कार्यक्रम को भारत सरकार के प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों से जोड़ा गया। सेवा संकल्प अभियान इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अंतिम छोर के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सहायता व परामर्श पहुँचाने का संकल्प लिया। युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मानसिक तनाव के कारण युवाओं में बढ़ती नशे की लत को रोकने तथा वर्ष 2047 तक देश को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के विज़न पर गंभीर चर्चा की गई। जिला अस्पताल के स्पर्श क्लिनिक (मनोचिकित्सा विभाग) से पहुंचे राम गोपाल खुंटे (मनोसामाजिक कार्यकर्ता) और खोमन लाल साहू (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर) ने विद्यार्थियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए बेहद व्यावहारिक और मनोरंजक माध्यमों से प्रशिक्षित किया। जिसमें मानसिक एकाग्रता, फोकस और आंतरिक शांति बढ़ाने,शरीर में हैप्पी हार्मोंस को सक्रिय करने और दैनिक सुस्ती को दूर करने, तनाव और नकारात्मक विचारों को रचनात्मक ऊर्जा में बदलने के तरीके। अवसाद और अकेलेपन से बचने के लिए मित्रों व परिवार के साथ निरंतर संवाद, बच्चों में टीम भावना, एकाग्रता और मानसिक सतर्कता विकसित करने के लिए 7 अलग-अलग प्रकार के खेल आयोजित किए गए। सत्र में भारत सरकार की 24 घंटे संचालित निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य राष्ट्रीय सेवा 'टेली मानस' के टोल-फ्री नंबर 14416 के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया गया।

